# अब बारिश बाद ही होंगे थोकबंद तबादले, विभागों के प्रस्ताव रोके

## 15 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं प्रदेश में

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। दो साल से तबादले का इंतजार कर रहे मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को अभी चार महीने और इंतजार करना पड़ सकता है। मानसून की आमद में कुछ दिन शेष हैं। ऐसे में सरकार कर्मचारियों के तबादले करने के मूड में नहीं है। इसी कारण विभिन्न विभागों ने तबादलों के प्रस्ताव रोक दिए हैं। प्रदेश में नियमित, स्थाईकर्मी, संविदा, दैनिक वेतनभोगी सहित निगम-मंडल में 15 लाख से ज्यादा कर्मचारी हैं।

15 महीने सत्ता से बाहर रहकर लौटी शिवराज सरकार ने तबादलों की लंबी सूची तैयार की थी। वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर कनिष्ठ संवर्ग के कर्मचारियों के भी तबादले होने थे, पर सवा साल से सरकार को तबादले करने का मौका ही नहीं मिल रहा। कोरोना संक्रमण काल में सत्ता संभालने वाली सरकार अभी तक संक्रमण से ही जूझ रही है। पिछले साल जैसे-तैसे कोरोना संक्रमण कम हुआ, तो उसके बाद की तैयारियों (गरीबों को राशन, रोजगार देने) के लिए मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को हटाया नहीं जा सका। जैसे ही हालात सुधरे सरकार ने तबादला



नीति बनाई और स्वेच्छा से तबादले कराने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के आवेदनों का विभागों में ढेर लग गया। अप्रैल-मई में थोकबंद तबादलों की तैयारी हुई। उससे पहले ही कोरोना की दूसरी लहर आ गई, इसलिए चुनिंदा तबादले ही हो सके।

### शिक्षकों को सबसे ज्यादा इंतजार

प्रदेश में सबसे ज्यादा कर्मचारी स्कूल शिक्षा विभाग में हैं। अध्यापक से शिक्षक बने 2.37 लाख और करीब दो लाख नियमित शिक्षकों को तबादलों का बेसब्री से इंतजार था। अध्यापक संवर्ग से नियमित हुए शिक्षकों के 25 साल से तबादले नहीं हुए थे। वर्ष 2017 में उनके लिए तबादला नीति बनी। फिर भी वर्ष 2017 एवं 2018 में 25 हजार से ज्यादा शिक्षकों के तबादले नहीं हुए, जबकि 75 फीसद से ज्यादा शिक्षक तबादले की मांग करते रहे हैं।

# मंत्री देवडा ने की मैं कोरोना वालेंटियर अभियान के अंतर्गत प्रकल्पों की शुरूआत

रतलाम। मप्र जन अभियान परिषद द्वारा मैं कोरोना वालेंटियर्स अभियान के अंतर्गत मैं कोरोना वालेंटियर अभियान के अंतर्गत दो प्रकल्पों की शुरूआत की गई। प्रथम एनएसएस वॉलेंटियर एवं कोरोना वालेंटियर अंजु सूर्यवंशी द्वारा कोरोना जागरूकता हेतु 2 लाख लोगों को विशेष सॉफटवेयर से वाटसअप मैसेज अभियान एवं द्वितीय प्रकल्प में सुनिधि परामर्श सेवा प्रारंभ की गई।

इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चैतन्य काश्यप,



डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय उपस्थित थे। साइबर परामर्श 9329766142, बाल मन समस्या परामर्श 9329748796, वरिष्ठ नागरिक परामर्श 9329752131, कानूनी परामर्श 9329763381, घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श 9329742171, बागवानी परामर्श 7999024192 इन नंबरों पर विषय विशेषज्ञों के द्वारा निशुल्क परामर्श सेवा प्रारंभ की गई। इस परामर्श सेवा के माध्यम से जरूरतमंदो को आवश्यक जानकारी प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से दोप. 2 बजे तक दी जावेगी। साथ ही उन्हे शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं व हेल्पलाइन की जानकारी दी जावेगी। स्पेशल सॉफटवेयर के द्वारा दो लाख एसएमएस करने का नवाचार करने के लिये ब्राव्हो वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसी द्वारा ऑनर्स प्रमाण पत्र दिया गया।

अग्निबाण

अग्निबाण 7/6/21

# जिले में 15 नए पाजिटिव और 40 डिस्चार्ज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में रविवार को 15 नए पाजिटिव केस सामने आए। 40 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 367 है। जिले में अब तक 17394 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 16719 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 308 पर पहुंच गया है।

**13 मरीजों को मेडिसिन किट वितरित**

ई-दक्ष केंद्र से रविवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 14 मेडिसिन किट लेकर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया। सूची अनुसार 13 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण किया गया। एक मरीज को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।



इसके अलावा 17 मेडिसिन किट मरीज के स्वजनों को प्रदान की गई।

**257 कंटेनमेंट जोन बनाए**


कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्र जहां कोरोना संक्रमित मिल रहे हैं, उस क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत नगरीय क्षेत्र में अब तक 257 कंटेनमेंट जोन बनाए जा चुके हैं। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। शनिवार को फायर लारी व ट्रैक्टर मेडिकल कालेज सहित शहर के विभि[न्न] क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इस[के] अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैं[ड] मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

नईदुनिया
7/6/21

# अनलॉक 2: आज से लेफ्ट और राइट साइड का फार्मूले के साथ खुलेगी 50 प्रतिशत दुकाने

## 1. अब निजी निर्माण कार्यों के लिए भी छूट मिलेगी

## 2. जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक संपन्न



रतलाम। जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक प्रदेश के वित्त मंत्री तथा जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चैतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कोरोना संक्रमण नियंत्रण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। वर्षा ऋतु आगमन तथा मजदूरों के रोजगार के दृष्टिगत निर्णय लिया गया कि 7 जून से निजी निर्माण कार्यों को चालू करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा जिले की मंडियों में सभी जींस के व्यापार हेतु भी सहमति बनी। इस संबंध में आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा। रतलाम जिले में लगभग पौने दो प्रतिशत संक्रमण दर तथा प्रदेश में तीसरे स्थान के दृष्टिगत बाकी पुरानी बैठक के निर्णय यथावत रखने पर सहमति बनी। बताया गया कि जिले में कोरोना की स्थिति की सतत समीक्षा की जाएगी और अनुकूल पाए जाने पर लगभग 1 सप्ताह में अन्य सभी प्रतिबंध में छूट देने का निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। इसके लिए सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे कोविड-19 टीका अवश्य लगवा ले। प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने बैठक में कहा कि जिले में संक्रमण पर नियंत्रण के लिए मास्क उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अत्यंत आवश्यक है। यदि एक भी नया केस आता है तो वह चिंताजनक होता है। कोरोना कर्फ्यू में रतलाम जिले की जनता ने भरपूर सहयोग दिया है। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जिले में ब्लैक फंगस के उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बताया गया कि ब्लैक फंगस के मरीजों को उपचार के लिए आगे जहां भी रेफर करना होगा इसकी व्यवस्था रहेगी। बच्चों के उपचार के लिए बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में 20 बेड तथा जिला चिकित्सालय में 20 बेड की व्यवस्था है, इनमें वेंटिलेटर व्यवस्था सम्मिलित है। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने कोरोना मरीज उपचार तथा ब्लैक फंगस उपचार के लिए पूरे जिले हेतु आगामी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद सुधीर गुप्ता ने मंदसौर-जावरा में ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था हेतु 9 या 10 ऑक्सीजन प्लांट उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। हमारा प्रयास है कि हर एक प्लांट के साथ कम से कम 50 बेड की व्यवस्था हो। बैठक में विधायक चैतन्य काश्यप तथा डॉ. राजेंद्र पांडे द्वारा ऑक्सीजन एवं बेड प्रबंधन कोरोना तथा ब्लैक फंगस के मरीजों के उपचार एवं कोरोना कर्फ्यू प्रतिबंध खोलने के संबंध में तर्कसंगत उपयोगी सुझाव दिए गए। विधायक दिलीप मकवाना ने ग्रामीण क्षेत्र में संस्थागत चिकित्सा के समुचित प्रबंधन पर अपनी बात कही व सुझाव दिया। राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी ने भी सुझाव दिए।

अग्निबाण 7/6/21



# प्रभारी मंत्री द्वारा 'मैं कोरोना वालेंटियर' अभियान के अंतर्गत प्रकल्पों की शुरूआत की

## दो लाख कोरोना जागरूकता एसएमएस और सुनिधि परामर्श सेवा प्रारंभ

प्रकाश न्यूज़ * रतलाम

म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम द्वारा मैं कोरोना वालेंटियर्स अभियान के अंतर्गत मैं कोरोना वालेंटियर अभियान के अंतर्गत दो प्रकल्पों की शुरूआत की गई। प्रथम एन एस एस वॉलेंटियर एवं कोरोना वालेंटियर अंजु सूर्यवंशी द्वारा कोरोना जागरूकता हेतु 02 लाख लोगों को विशेष सॉफ्टवेयर से वाट्सअप मैसेज अभियान एवं द्वितीय प्रकल्प में सुनिधि परामर्श सेवा प्रारंभ की गई।

इस अवसर पर सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक चैतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय उपस्थित थे। साइबर परामर्श 9329766142, बाल मन समस्या परामर्श 9329748796, वरिष्ठ नागरिक परामर्श 9329752131, कानूनी परामर्श 9329760381, घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न की रोकथाम एवं मानसिक स्वास्थ्य परामर्श 9329742171, बागवानी परामर्श 7999024192 इन नंबरों पर विषय विशेषज्ञों के द्वारा नि:शुल्क परामर्श सेवा प्रारंभ की गई।

इस परामर्श सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों को आवश्यक जानकारी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोप. 2 बजे तक दी जाएगी। साथ ही उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं व हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी।

स्पेशल सॉफ्टवेयर के द्वारा दो लाख एस एम एस करने का नवाचार करने के लिये ब्रावो वर्ल्ड रिकार्ड एजेंसी द्वारा ऑन स्पॉट प्रमाण पत्र दिया गया। संदेश में जीतेंगे हम लोग, हारेगा कोरोना, खुद सुरक्षित रहे, दूसरों को भी सुरक्षित करें, मेरा मास्क मेरी सुरक्षा, 2 गज की दूरी मास्क है जरूरी, स्वयं वैक्सीन लगवाये और दूसरों को भी वैक्सीनेशन के लिये प्रेरित करें, सरकार का दे साथ हर नियम का करे पालन, पात्रों के बने आयुष्मान कार्ड, हम करे ये प्रयत्न और एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की जानकारी प्रदान की गई।

प्रकाश 7/6/21

**पॉजिटिविटी रेट 1 पर आया** • इंदौर लगभग 3 प्रतिशत के साथ नंबर वन, भोपाल 2.2 के साथ दूसरे नंबर पर

# अगले सप्ताह हो सकता है टोटल अनलॉक, निजी निर्माण और मंडियों में नीलामी की छूट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

संक्रमण की हाल ऐसे ही रहे तो अगले सप्ताह यानी 14 जून से पूरा जिले में टोटल अनलॉक हो सकता है। इसका मतलब दो माह में जितने भी प्रतिबंध लगाए गए थे, उन सब से छुटकारा मिल जाएगा। हालांकि अंतिम फैसला वीकली रिव्यू के बाद 13 जून की बैठक में होगा।

रविवार को क्राइसिस कमेटी ने सिर्फ दो छूट दी है। पहली निजी निर्माण कार्य चालू करने और दूसरी जिले की सभी मंडियों में सभी प्रकार के जिंसों की खरीदी-बिक्री की। इसकी वजह पॉजिटिविटी रेट है, जो दो माह के सबसे निचले पायदान 1 प्रतिशत तक तो आ गया है। बावजूद प्रदेश में तीसरे नंबर पर हैं। पहले नंबर पर इंदौर 3 प्रतिशत और भोपाल दो प्रतिशत है।

**आज से ये छूट भी होगी लागू**

**निर्माण कार्य** - सभी प्रकार के निजी निर्माण हो सकेंगे। मजदूर रोजाना आ-जा सकेंगे। अभी तक सरकारी को छोड़कर सारे निर्माण कार्य पर प्रतिबंध लगा हुआ था।

**नीलामी** - जिले की सारी मंडियों में सभी प्रकार की उपज की खरीदी-बिक्री हो सकेगी। अभी सिर्फ लहसुन और प्याज की नीलामी ही की जा रही थी।

## गाइडलाइन के अनुसार ये पाबंदियां अभी भी रहेंगी लागू

- राइट-लेफ्ट सिस्टम से एक दिन में सिर्फ 50 प्रतिशत दुकानें शाम 5 बजे तक खुलेंगी, सोमवार को राइट वालों की बारी है।
- हर रविवार जनता कर्फ्यू, जो शनिवार रात 10 बजे से लागू होकर सोमवार सुबह 6 बजे खुलेगा। हर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू।
- खेल, मनोरंजन, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले आदि नहीं होंगे।
- स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक प्रशिक्षण, कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे।
- सिनेमाघर, शॉपिंग मॉल, स्विमिंग पूल, थिएटर, पिकनिक स्पॉट, ऑडिटोरियम, सभागृह पार्क, पान, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू की दुकानें।
- धर्म स्थल खोलने व बंद करने, आरती, उपासना के लिए सिर्फ पुजारी, इमाम, पादरी, ग्रानी को आने-जाने की अनुमति रहेगी।
- विवाह वर-वधू पक्ष मिलाकर अधिकतम 20 लोगों की उपस्थित में हो सकेंगे। मेहमानों की सूची एसडीएम और संबंधित थाना प्रभारी को सात दिन देकर अनुमति लेना होगी।
- अंतिम संस्कार, उठावना और पगड़ी कार्यक्रम नहीं होंगे, शवयात्रा में केवल 10 व्यक्तियों की अनुमति।
- अनुमति वाले कार्यक्रम को छोड़कर किसी भी स्थान पर 6 से अधिक व्यक्तियों इकट्ठा नहीं हो सकेंगे।

### सिर्फ पौन घंटे में निपट गई मीटिंग

दोपहर 3.30 बजे शुरू हुई मीटिंग करीब 4.15 बजे पूरी हो गई। 11 मीटिंग में यह पहला अवसर है, जब क्राइसिस कमेटी की बैठक इतनी जल्दी हो गई हो। प्रारंभ में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कोविड-19 को लेकर जिले का अपडेट दिया। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. प्रमोद प्रजापति ने पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन दिया।

### नेताओं ने जताई चिंता

- प्रभारी मंत्री देवड़ा बोले जिले में ब्लैक फंगस के उपचार की पुख्ता व्यवस्था की जाए। बच्चों के लिए मेडिकल कॉलेज में 20 बेड तथा जिला चिकित्सालय में 20 बेड लगाओ।
- शहर विधायक काश्यप ने गाइडलाइन का पालन करवाने में सख्ती की बात कही।

दै. भास्कर 7/6/21

## दो दिनों में 275 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम ने प्रारंभ कर दिया है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। पांच जून को 67 और छह जून को 208 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस तरह दो दिनों में कुल 275 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

## नालों की सफाई का कार्य जारी

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने गांधी नगर से मीराकुटी तक का नाला, मदिना मस्जिद, अशोक नगर, चांदनी चौक व पावर हाउस रोड रिलायंस पेट्रोल पंप वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग से किया। सफाई बाद नालो व नालियों में केरोसिन व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

# मप्र में अब पार्षद चुनेंगे महापौर व निगम अध्यक्ष

## नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्रसिंह ने मीडिया से अनौपचारिक चर्चा में दी जानकारी

**सागर ● 6 जून ( ब्यूरो )** शिवराज सरकार ने महापौर, अध्यक्षों के पद का चुनाव सीधे जनता से कराने की बजाय पार्षदों से कराने का निर्णय लिया है। मीडिया से अनौपचारिक चर्चा के दौरान यह जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मप्र में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में महापौर का चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर चुने हुए पार्षदों द्वारा होगा। इस आशय का निर्णय पिछले विधानसभा सत्र के दौरान ही शासन द्वारा लिया जा चुका है।

अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होंगे। हालांकि पार्षद जनता के बीच से चुना जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ साल से मध्यप्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव अटके हैं। मौजूदा कोरोनाकाल



को देखते हुए सम्भावना अभी कम है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री सिंह का कहना है कि कोरोना नियंत्रण पहले है। उसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार ने किसी भी निकाय में आबादी के अनुपात के हिसाब से पद आरक्षित किए थे। अभी तक सरकार ने यह तय नहीं किया है कि हाइकोर्ट का निर्णय ही स्वीकार किया जाएगा या उस निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। इस संबंध में राज्य सरकार शीघ्र ही फैसला करेगी।

**पहली प्राथमिकता तीसरी लहर से निपटना**–उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता कोरोना की तीसरी लहर से निपटना है और इसके बाद ही निकाय चुनाव के बारे में फैसला लेंगे। यहां बता दें इसी साल मार्च के महीने में हाइकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने महापौर और अध्यक्षों के आरक्षण पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद अब शिवराज सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। इसके लिए शिवराज सरकार जल्दी विशेष ( शेष अंतिम पृष्ठ पर ) 7/6/21

# मूंग की खरीदी 15 से

## किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलेगा- मुख्यमंत्री

**भोपाल ● 6 जून ( ब्यूरो )** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा प्रदेश में किसानों से मूँग की खरीदी 15 जून से प्रारंभ होगी। किसान भाई 8 जून से अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में भारत सरकार के सहयोग से ग्रीष्मकालीन मूँग की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अन्नदाता का हित मेरे लिए सर्वोपरि है। मूँग की गिरती कीमतों से किसान चिंतित न हों। किसान की उपज का उचित मूल्य दिलाया



जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में यह भी निर्णय लिया गया है कि चने की खरीदी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 15 जून कर दिया गया है।

### समर्थन मूल्य 7196 रुपए निर्धारित

भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के लिए मूँग की खरीदी का लक्ष्य और समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य अनुसार 34 हजार 20 मीट्रिक टन मूँग की खरीदी की जाएगी। मूँग का समर्थन मूल्य 7196 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

स्वदेश
7/6/21

**जिले के कोविड प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में हुई क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में लिया निर्णय**

# सिर्फ निजी निर्माण कार्य को मिली अनुमति, जारी रहेगा राइट-लेफ्ट प

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान पहला सप्ताह अलग-अलग पाबंदियों के बीच बीत गया है। दूसरे सप्ताह को लेकर रविवार को जिले के कोविड-19 प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा की मौजूदगी में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक हुई। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई इस बैठक में दूसरे सप्ताह के लिए सिर्फ निजी निर्माण कार्यों को ही शुरू करने की अनुमति जारी की गई है। इसके अतिरिक्त शहर में लागू राइट और लेफ्ट का फार्मूला इस सप्ताह भी जारी रहेगा।

## नए सप्ताह में बदलाव

वर्षा ऋतु आगमन तथा मजदूरों के रोजगार के दृष्टिगत निर्णय लिया गया कि 7 जून से निजी निर्माण कार्यों को चालू करने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा जिले की मंडियों में सभी जींस के व्यापार के लिए भी सहमति बनी। इस संबंध में आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा।

## परेशानियों भरा सप्ताह

बाजार से जुड़े लोगों की मानें तो अनलॉक की प्रक्रिया के दौरान पहला सप्ताह परेशानियों भरा रहा। शुरुआती दिनों में कुछ भी स्पष्ट नहीं था कि क्या खुलेगा और क्या नहीं। पहले 25 प्रतिशत और फिर 50 प्रतिशत बाजार खुलने का निर्णय हुआ लेकिन दुकानों को लेकर असमंजस की स्थिति थी जिस पर प्रशासन में राइट और लेफ्ट का फार्मूला शुरू कर दिया।

## दूसरे सप्ताह की छूट व प्रतिबंध

पत्रिका

मजदूरों के रोजगार देने के लिए 7 जून से निजी निर्माण कार्यों को चालू करने की अनुमति मिलेगी। जिले की मंडियों में सभी जींस के व्यापार के लिए भी सहमति बनी। इस संबंध में आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा। राइट और लेफ्ट के फार्मूले से व्यापारी खुश नजर नहीं आ रहे हैं। सप्ताह में तीन दिन व्यापार करना है और उसमें भी कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों की माने तो व्यावहारिक दृष्टिकोण से यह निर्णय सही नहीं है।



## नए सप्ताह में नहीं कोई खास छूट

नए सप्ताह के दौरान बाजार खोलने को लेकर कोई विशेष छूट नहीं दी। शहर में संक्रमण की दर अब भी कुछ हद तक अधिक है जिसके चलते बाजार पूरी तरह से नहीं खोलने का निर्णय लिया गया है। छूट सिर्फ श्रमिकों को और किसानों को रहेगी। बैठक के दौरान मांगलिक और अंतिम संस्कार और उठावना जैसे कार्यक्रमों में किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी गई है। जिले में कोरोना की स्थिति की सतत समीक्षा की जाएगी और अनुकूल पाए जाने पर लगभग 1 सप्ताह में अन्य सभी प्रतिबंध में छूट देने का निर्णय आगामी बैठक में लिया जाएगा। इसके लिए सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे कोविड-19 टीका अवश्य लगवा लें। इस स्थिति में प्रतिबंधों को हटाने में कोई बाधा नहीं रहेगी।

## एक भी नया केस तो वह चिंताजनक

7/6/21

प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने बैठक में कहा कि जिले में संक्रमण पर नियंत्रण के लिए मास्क उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अत्यंत आवश्यक है। यदि एक भी नया केस आता है तो वह चिंताजनक होता है। कोरोना कर्फ्यू में रतलाम जिले की जनता ने भरपूर सहयोग दिया है।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जिले में ब्लैक फंगस के उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बताया कि ब्लैक फंगस के मरीजों को उपचार के लिए आगे जहां भी रैफर करना होगा, इसकी व्यवस्था रहेगी। बच्चों के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में 20 बेड तथा जिला चिकित्सालय में 20 बेड की व्यवस्था है। इनमें वेंटिलेटर व्यवस्था सम्मिलित है। आगामी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मंदसौर-जावरा संसदीय क्षेत्र में ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था के लिए 9 या 10 ऑक्सीजन प्लांट उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। प्रयास है कि हर एक प्लांट के साथ कम से कम 50 बेड की व्यवस्था हो। प्रभारी मंत्री द्वारा ऑक्सीजन प्लांट के साथ-साथ सिलेंडर की समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए।

## संक्रमण और नियंत्रण की जानकारी ली

बैठक की शुरुआत में प्रभारी मंत्री ने जिले में कोरोना संक्रमण नियंत्रण तथा संबंधित बिंदुओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पत्रिका 7/6/21

# लेफ्ट और राइट के आदेश पर शहर की दुकानें तो खुल गईं लेकिन छोटे और ठेले पर कारोबार करने वालों को भूल गए

छोटे व्यापारियों और ठेले पर कारोबार करने वालों की मांग, हम दो महीने से घर में बैठे हैं - आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं प्रशासन कारोबार की इजाजत दे

**भास्कर संवाददाता** | रतलाम

बाजार में भीड़ ना बढ़े इसके लिए जिला प्रशासन ने एक दिन लेफ्ट साइड और दूसरे दिन राइट साइड की दुकान खोलने के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश पर शहर की दुकानें खुल गई हैं लेकिन जिला प्रशासन हमें भूल गया है। इससे आज भी हम घर में ही बैठे हैं और अपना कारोबार शुरू नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि अब हमें घर का खर्च भी उधार लेकर चलाना पड़ रहा है। इससे हमें भी अपना कारोबार शुरू करने की अनुमति दी जाए।

यह कहना है शहर के उन छोटे कारोबारियों का जो सड़क किनारे दुकानें लगाकर कारोबार करते हैं। कोई ठेले पर कारोबार करता है तो कोई शहर की गलियों में घूमकर कारोबार कर अपना घर चलाता है। लेकिन 9 अप्रैल से ही कारोबार बंद है। अब आय का कोई साधन भी इन व्यापारियों के पास नहीं बचा है। ऐसे कारोबारियों की संख्या 2 हजार है। ऐसे में इन कारोबारियों ने भी कारोबार की अनुमति की मांग की है। खमण फाफड़ा के व्यापारी प्रदीप कसेरा ने बताया शहर में ठेला लगाने वाले, पानी पतासे वाले और गलियों में घूमकर कारोबार करने वाले करीब दो हजार छोटे व्यापारी हैं जो दो महीने से घर बैठे हैं। लेकिन प्रशासन हमारी सुध नहीं ले रहा है। आखिर कब तक हम उधार लेकर खाएंगे। लॉकडाउन में भी हम घर में बैठे रहे। जबकि लॉकडाउन में बड़े कारोबारियों की दुकानें खुली मिलीं। प्रशासन यह सोचता है कि हमारा कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है तो मैं प्रशासन को एक बात बता दूं कि प्रशासन का एक भी अधिकारी यह बताए कि लॉकडाउन में उसने किस ठेले पर कारोबार करने वाले का चालान बनाया। हम तो लॉकडाउन में भी घर में ही बैठे रहे।

## हम कब तक परीक्षा दें

साबूदाना की खिचड़ी की गाड़ी लगाने वाले हेमंत माली ने बताया जिला प्रशासन आखिर कब तक हमारी परीक्षा लेगा। अब तो हमें कारोबार की छूट मिलना चाहिए। ठेले पर प्लास्टिक और स्टील के आयटम बेचने वाले बबलू कसेरा ने बताया हम तो लॉकडाउन में भी घर में बैठे हैं। इसकी सजा हमें दी जा रही है और हमें कारोबार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

## छोटे दुकान संचालकों व हाथ ठेला वालों ने की मांग

**नामली** | छोटे व्यापारी कोरोना कर्फ्यू से पूरी तरह टूट चुके हैं। इन्हें गुजर-बसर करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अब इन्हें व्यापार में छूट देना चाहिए। इस मांग को लेकर छोटे दुकान संचालकों ने रविवार को पुलिस को कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया। महामारी के चलते कोरोना कर्फ्यू में बड़े दुकानदार अपना व्यवसाय शासन की गाइडलाइन के अनुसार कर रहे थे लेकिन छोटे दुकानदार जो हाथ ठेला गाड़ी, सब्जी बेचने वाले, जूता-चप्पल रिपेयरिंग, सैलून की दुकान, फेरी लगाकर अपना जीवनयापन करने वाले, पंचर बनाने वाले, ऑटो गैरेज वाले, हम्माल ऐसे कई छोटे-छोटे व्यवसायी और मजदूर हैं। जब अनलॉक की प्रक्रिया जिले में चालू हो गई तो प्रशासन से ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि धंधा शुरू करने की मंजूरी प्रदान करें। ज्ञापन देते समय नगर परिषद उपाध्यक्ष सुखदेव गेहलोत, नेता प्रतिपक्ष श्रीनाथ योगी, पूर्व पार्षद दिलीपसिंह सोलंकी कपिल कुमावत, शुभम राठौड़ सहित व्यापारीगण मौजूद रहे।

दै. भास्कर 7/6/21

# टीकाकरण प्रोत्साहन पहल में आज 4 केन्द्रों पर लगेंगे टीके

रतलाम। रतलाम शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बिना प्रिस्लॉट बुकिंग के किया जा सकेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सोमवार 7 जून को टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत टीकाकरण के लिए रतलाम शहर में 4 स्थान निर्धारित है। रतलाम शहर में सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर, रंगोली परिसर गीता मंदिर रोड, बोहरा बाखल कम्युनिटी हॉल चांदनी चौक के पास तथा राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि टीकाकरण प्रोत्साहन पहल कार्यक्रम के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को साथ में लाया जा सकता है, और 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति बिना प्री ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के टीका लगवा सकते हैं।

## 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का दो स्थानों पर टीकाकरण

सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में 7 जून सोमवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को सीधे आन स्पाट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए रतलाम शहर में दो स्थानों पर टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में पुराना कलेक्ट्रेट परिसर गुलाब चक्कर के पास रतलाम पर केवल दूसरा डोज, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविड-19 टीकाकरण किया जाएगा।

7/6/21

# 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण शहर में दो स्थानों पर किया जाएगा

रतलाम। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम शहर में 7 जून सोमवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को सीधे आन स्पाट बुकिंग के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए रतलाम शहर में दो स्थानों पर टीके लगाए जाएंगे। रतलाम शहर में पुराना कलेक्ट्रेट परिसर गुलाब चक्कर के पास रतलाम पर केवल दूसरा डोज, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी रतलाम पर 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविड-19 टीकाकरण किया जाएगा।

7/6/21

**मनमानी** • दुकानों पर भीड़ मिलने और शाम पांच बजे बाद दुकानें खुली मिलने पर प्रशासन कर रहा कार्रवाई

# अनलॉक में जुर्माना भी अनलॉक : किसी दुकानदार से एक हजार रुपए तो किसी से पांच हजार रुपए तक वसूल रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

31 मई से शहर अनलॉक हो गया है। लेफ्ट और राइट के हिसाब से बाजार की दुकानें खोली जा रही हैं। दुकान पर छह से ज्यादा लोग और शाम पांच बजे बाद बाजार बंद करने का नियम है। ऐसे में दुकानों पर भीड़ मिलने या दुकानें तय समय से ज्यादा खुली मिलने पर प्रशासन की टीम दुकानों पर पहुंच जुर्माना लगा रही है लेकिन इसमें भी मनमर्जी चल रही है। किसी दुकान पर एक हजार रुपए तो किसी पर दो हजार रुपए का जुर्माना किया जा रहा है। दुकानदार के विरोध पर यह राशि कम भी कर दी जाती है।

## दो हजार का जुर्माना किया और मास्क की रसीद दी

**मामला 1** स्टेशन रोड पर हार्डवेयर की दुकान खुली मिलने पर जिला प्रशासन का अमला पहुंच गया और कहा कि आपने निर्धारित समय से ज्यादा दुकान खोल रखी है। इससे आपको जुर्माना चुकाना होगा। इस पर दुकान से दो हजार रुपए मांगे। दिनभर में दो हजार रुपए भी नहीं कमाए और दो हजार रुपए की रसीद बनाने से दुकानदार ने जैसे-तैसे जुर्माना चुकाया। लेकिन टीम ने जो रसीद दी वो मास्क नहीं लगाने की थी।

## विरोध किया तो एक हजार रुपए का जुर्माना किया

**मामला 2** माणकचौक क्षेत्र में कपड़े की दुकान पर अमला पहुंचा और बोला शाम 5.15 बज गए हैं आपकी दुकान चालू है। इस पर दुकानदार ने कहा कि मैं तो सामान जमा रहा हूं। लेकिन अमला बोला पांच बजे बाद दुकान खुली नहीं रख सकते हैं। चलो पांच हजार रुपए चुकाओ। इस पर दुकानदार ने विरोध शुरू कर दिया और बोला मैं इतनी राशि कहां से लेकर आऊं। इस पर जुर्माना घटाकर एक हजार रुपए कर दिया।"

## पास-पास दुकानें फिर भी अपने हिसाब से किया जुर्माना

**मामला 3** जिला प्रशासन के अमले ने दुकान पर भीड़ ज्यादा होने पर सराफा बाजार में ज्वेलर्स की दुकानों पर कार्रवाई की। लेकिन यहां भी अपने हिसाब से जुर्माना लगाया गया। किसी पर एक हजार रुपए तो किसी पर दो हजार रुपए का जुर्माना किया गया। जबकि दुकानों की साइज भी एक समान है और 6 लोगों से ज्यादा लोग दुकानों पर मिले। बावजूद अपने हिसाब से जुर्माना किया।

## सीधे जुर्माना करना कहां का नियम है

सामाजिक कार्यकर्ता सलीम आरिफ ने बताया दो महीने बाद बाजार खुला है। उसमें भी सप्ताह में तीन दिन ही दुकानें खुल रही हैं। ऐसे में पहले ही कारोबार नहीं है। किसी पर एक हजार रुपए की पेनल्टी लगा दी जाती है तो किसी पर दो से चार हजार रुपए की पेनल्टी। **टीम मौके पर निर्धारित करती है जुर्माना** : एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया टीम मौके पर पहुंचकर जुर्माना निर्धारित करती है। इसके लिए क्राइटेरिया फिक्स नहीं है।

दै. भास्कर 7/6/21

या निर्णय

# रहेगा राइट-लेफ्ट फार्मूला

जाएगा। इसके
ाग्रह किया गया
अवश्य लगवा
ओं को हटाने में

## त तो वह

/6/21

देवड़ा ने बैठक में
ण पर नियंत्रण के
सोशल डिस्टेंसिंग
श्यक है। यदि एक
ो वह चिंताजनक
ं रतलाम जिले की
दिया है।
श दिए कि जिले में
पचार की पुख्ता
जाए। बताया कि
को उपचार के लिए
करना होगा, इसकी
के उपचार के लिए
20 बेड तथा जिला
बेड की व्यवस्था है।
स्था सम्मिलित है।

आगामी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि मंदसौर-जावरा संसदीय क्षेत्र में ऑक्सीजन की समुचित व्यवस्था के लिए 9 या 10 ऑक्सीजन प्लांट उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। प्रयास है कि हर एक प्लांट के साथ कम से कम 50 बेड की व्यवस्था हो। प्रभारी मंत्री द्वारा ऑक्सीजन प्लांट के साथ-साथ सिलेंडर की समुचित व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए।

## संक्रमण और नियंत्रण की जानकारी ली

बैठक की शुरुआत में प्रभारी मंत्री ने जिले में कोरोना संक्रमण नियंत्रण तथा संबंधित बिंदुओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. प्रमोद प्रजापति द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया गया। बैठक में विधायक चेतन्य काश्यप, डॉ. राजेंद्र पांडे, दिलीप मकवाना, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, गोविंद काकानी, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मेडिकल कॉलेज से 5 मरीज डिस्चार्ज

शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से रविवार को 5 मरीज डिस्चार्ज हुए। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 13 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 23 बेड पर मरीज भर्ती हैं। एचडीयू में 172 में से 24 बेड पर मरीज भर्ती हैं। ऑक्सीजन बेड 180 में से 25 पर मरीज भर्ती हैं। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 बेड पर मरीज भर्ती हैं। कुल 76 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 40 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 474 रहे।


**कर्मयोद्धाओं को नमन** • हमारे ज़िले के लिए प्राणघातक साबित हुई दूसरी लहर, मेडिकल कॉलेज में अभी भी 140 से अधिक एक्टिव केस

# 9 प्रमुख सरकारी विभागों में 94 कर्मियों की मौत, सबसे ज्यादा रेल मंडल में 45 लोगों ने तोड़ा दम, शिक्षा विभाग के भी 30 साथियों का छूटा साथ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दूसरी लहर हमारे जिले में कहर बनकर सामने आई है। सबसे बड़ा कहर सरकारी विभागों के कर्मचारियों पर टूटा है। कर्मयोद्धा... जो किसी ना किसी विभाग में अपना कर्म कर रहे थे लेकिन आज हमारे बीच नहीं हैं। सिर्फ जिले के 9 प्रमुख सरकारी विभाग में ही ऐसे 94 अधिकारियों कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा रेल मंडल में 45 लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं, शिक्षा विभाग के 30 लोग भी कोरोना से जंग नहीं जीत सके। इनमें से कई लोग ऐसे थे जो फील्ड में कार्यरत थे।

## ज्यादातर सरकारी विभागों में किसी ना किसी कर्मचारी की हो चुकी मौत, दूसरी लहर में मेडिकल कॉलेज में कुल 226 पॉजिटिव मौत हो चुकी




### जानिए किस विभाग ने कितने साथियों को खोया

| विभाग | मौत | | |
|---|---|---|---|
| शिक्षा विभाग | 30 | उच्च शिक्षा | 02 |
| कृषि मंडी | 01 | महिला एवं बाल विकास | 04 |
| रजिस्ट्रार विभाग | 01 | स्वास्थ्य विभाग | 06 |
| रेल मंडल | 45 | नगर निगम - 02 | |
| | | पुलिस - 03 | |

**9 विभागों में 1700 लोग हो चुके पॉजिटिव, रेलवे के 683 ठीक भी हो गए** : इधर पॉजिटिव की बात करें तो 9 प्रमुख विभागों में 1700 से ज्यादा लोग अब तक पॉजिटिव हो चुके हैं। सबसे बड़ा आंकड़ा रेलवे का है, यहां 934 लोग संक्रमित हो गए हैं। इनमें से 683 लोग ठीक भी हो चुके हैं। वहीं 270 पुलिसकर्मी भी संक्रमित हो चुके हैं, अभी 9 एक्टिव हैं। शिक्षा विभाग में 155 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं, इनमें से 35 लोग अभी भी एक्टिव हैं। मेडिकल में पॉजिटिव 140 से ज्यादा हैं।

### मई में सबसे ज्यादा मौत

- मई में कुल 111 पॉजिटिव लोगों ने दम तोड़ा। इस महीने 13 दिन तो ऐसे रहे जब, रोज औसतन 5 पॉजिटिव मौतें दर्ज की गईं।
- मई में ही 2 दिन में 6 लोगों ने भी दम तोड़ा।
- इससे पहले अप्रैल में 102 पॉजिटिव लोगों की कोरोना के कारण मौत हो गई थी।
- पहली लहर के दौरान सबसे ज्यादा मौत सितंबर के महीने में हुई थी, इस महीने 20 लोगों ने दम तोड़ा था। अक्टूबर में 19 मौत हुई थी।
- पहली लहर के 10 महीने में जिले में 82 लोगों ने ही कोरोना से दम तोड़ा था।

दै. भास्कर 7/6/21

## वैक्सीन को लेकर घर-घर जाकर किया सर्वेक्षण

रतलाम | किल कोरोना के तहत घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। इसमें कोरोना वैक्सीन के लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ ही लोगों से चर्चा कर वैक्सीन के प्रति भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा कोविड -19 महामारी की रोकथाम के लिए सर्वे दल का गठन किया। शहर के वार्ड क्रमांक 3 के जवाहर नगर इ एक्स के कॉलोनी में दल क्रमांक 16 द्वारा 5 व 6 जून को सर्वेक्षण किया। दल में उत्कृष्ट विद्यालय की सीमा अग्निहोत्री, राजस्व कर्मचारी मनोज सिंह मंडलोई, हेमंत सोलंकी के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा रावत शामिल थे।

## कोविड-19 टीकाकरण के लिए जिले के 29 अन्य केंद्रों पर कोविड के टीके लगाए जाएंगे

रतलाम। जिले में जिले के अन्य विकासखंड स्तरीय एवं ग्रामीण केंद्रों पर सोमवार 7 जून को कोविड का टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे ने बताया कि रतलाम जिले में 7 जून को शासकीय कॉलेज आलोट, अंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ताल, मांगलिक भवन खारवाकला, बालक छात्रावास क्रमांक 2 रावटी, मांगलिक भवन बाजना, कमला नेहरू स्कूल जावरा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, ग्राम पंचायत बरडिया गोयल, नगर पंचायत बड़ावदा, ग्राम पंचायत रिंगनोद, पंचायत भवन ढोढर, डाइट कॉलेज पिपलोदा, कन्या मिडिल स्कूल सुखेड़ा, बालक प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा,

## आयुष्मान कार्ड के लिए वार्डवार कॉमन सेन्टरों

रतलाम। आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना अन्तर्गत रतलाम नगर के पात्र हितग्राहियों के निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा 5 से 15 जून तक वार्डों के कॉमन सर्विस सेन्टरों पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है जिसके तहत 5 जून को 67 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयुष्मान भारत "निरामयम" योजना अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड विशेष अभियान चलाकर योजना अन्तर्गत कार्ड समय-सीमा में बनाये जाने हेतु निगमायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के सार्थक परिणाम देखते हुए सोमवार को दो नए केन्द्रों पर होगा टीकाकरण

रतलाम। जिला प्रशासन रतलाम द्वारा टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45+ उम्र वर्ग के साथ 18-44 उम्र वर्ग का भी टीकाकरण किया जा रहा है। इस हेतु 7 जून सोमवार को अतिरिक्त टीकाकरण केंद्र बनाए गए जाएंगे, जहां स्लॉट बुकिंग के बिना टीकाकरण किया जाएगा। इस हेतु ऑन लाइन फॉर्म के माध्यम से जानकारी भरकर भेज सकते है, जिससे असुविधा से बचा जा सके। एस डी एम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि टीकाकरण केंद्र रनोली

## टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत रतलाम शहर के 4 केंद्र निर्धारित रहेंगे

रतलाम। शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बिना प्रिस्लॉट बुकिंग के किया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि सोमवार 7 जून को टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत टीकाकरण के लिए रतलाम शहर में 4 स्थान निर्धारित है।

रतलाम शहर में सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर, रंगोली परिसर गीता मंदिर रोड, बोहरा बाखल कम्युनिटी हॉल चांदनी चौक के पास तथा राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर रतलाम पर टीकाकरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि टीकाकरण प्रोत्साहन पहल कार्यक्रम के लिए 45 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को साथ में लाया जा सकता है और 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति बिना प्री ऑन लाइन स्लॉट बुकिंग के टीका लगवा सकते हैं।

प्रसारण।

## संक्रमण की आशंका वाले स्थानों पर अधिक आयु के पुलिसकर्मियों की नहीं होगी तैनाती

भोपाल। कोरोना संक्रमण की दर भले ही कम हो गई हो, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ऐसे में उन पुलिसकर्मियों के लिए खास हिदायत दी गई है, जो उम्रदराज हैं या बीमारियों से ग्रसित हैं। ऐसे पुलिसकर्मियों को उन कार्यों की जिम्मेदारी देने को कहा गया है, जिससे उनका लोगों से सीधा संपर्क कम से कम रहे। इसके पीछे उद्देश्य पुलिसकर्मियों को संक्रमण से बचाना है।

पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी ने पिछले दिनों सभी पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में कहा था कि संक्रमित होने की आशंका वाले स्थानों पर गंभीर बीमारियों से पीड़ित और अधिक आयु वाले पुलिसकर्मियों की ड्यूटी न लगाई जाए। इसके पालन में अब संभाग और जिला स्तर पर नया ड्यूटी चार्ट बनाया जा रहा है। आम तौर पर ड्यूटी लगाने को लेकर दिखने वाला असंतोष इस मामले में नहीं है। पुलिसकर्मी ऐसे वरिष्ठों को सुरक्षित स्थानों का अवसर दे रहे हैं। उन्हें भीड़भाड़ और कंटेनमेंट वाले क्षेत्रों से हटाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कोरोना संकट में कई पुलिसकर्मी जान गंवा चुके हैं। किसी एक के संक्रमित होने से थाने के कई लोग बीमारी की चपेट में आ गए थे, इसलिए मुख्यालय के निर्देशानुसार सभी पुलिसकर्मी इसमें स्वेच्छा से भी सहयोग कर रहे हैं। प्रसारण।

## मेडिकल कॉलेज से 5 पेशेंट डिस्चार्ज हुए

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल से रविवार को 5 पेशेंट डिस्चार्ज हुए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज 13 मरीजों
को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 23 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 24 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 25 पर पेशेंट
भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 4 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 76 पेशेंट भर्ती हैं जिनमें से 40 कोरोना पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य
समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 474 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूट
1557, कन्ज्यूमड 5904, करंट स्टाक 119 रहा।

प्रसारण।

प्रसारण। 7/6/21

# ... अब जनता नहीं, पार्षद चुनेंगे महापौर व निगम अध्यक्ष

भोपाल। शिवराज सरकार ने महापौर, अध्यक्षों के पद का चुनाव सीधे जनता से कराने की बजाय पार्षदों से कराने का निर्णय लिया है। यह जानकारी देते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मप्र में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में महापौर का चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर चुने हुए पार्षदों द्वारा होगा। इस आशय का निर्णय पिछले विधानसभा सत्र के दौरान ही शासन द्वारा लिया जा चुका है।



**अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होंगे।** हालांकि पार्षद जनता के बीच से चुना जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले डेढ़ साल से एमपी में नगरीय निकाय चुनाव अटके हैं। मौजूदा कोरोना काल को देखते हुए सम्भावना अभी कम है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन मंत्री सिंह का कहना है कि कोरोना नियंत्रण पहले है। उसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया शुरू होगी।


भाजपा सरकार ने किसी भी निकाय में आबादी के अनुपात के हिसाब से पद आरक्षित किए थे। अभी तक सरकार ने यह तय नहीं किया है कि हाइकोर्ट का निर्णय ही स्वीकार किया जाएगा या उस निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। इस संबंध में राज्य सरकार शीघ्र ही फैसला करेगी।

**पहली प्राथमिकता तीसरी लहर से निपटना-** उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता कोरोना की तीसरी लहर से निपटना है और इसके बाद ही निकाय चुनाव के बारे में फैसला लेंगे। यहां बता दें इसी साल मार्च के महीने में हाइकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने महापौर और अध्यक्षों के आरक्षण पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद अब शिवराज सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। इसके लिए शिवराज सरकार जल्दी विशेष अनुमति याचिका दायर करेगी।

14 मार्च 2021 को सागर में पत्रकारों से चर्चा में नगरीय प्रशासन और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया था कि इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी है। अब हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ के फैसले को शिवराज सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। विशेष अनुमति याचिका दायर करेगी। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ सरकार ने जनता की बजाय पार्षद के जरिए चुनाव कराना तय किया था। प्रसारण

प्रसारण 7/6/21

# परिवार में चार पीढ़ियों के सदस्यों ने एक साथ लगवाया टीका



99 वर्षीय रामदयाल भट्ट ने परिवार में चार पीढ़ियों के सदस्यों के साथ टीका लगवाया। ● नईदुनिया

रतलाम। टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 उम्र के व्यक्ति को लाने पर 18-44 उम्र वर्ग का भी बगैर स्लाट बुकिंग के टीकाकरण किया जा रहा है। इस योजना में शहरवासी रुचि ले रहे हैं। काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर पर बनाए गए केंद्र में रविवार को 45 प्लस वर्ग में 259 व 18 प्लस में 257 लोगों को टीके लगाए गए। खास बात यह रही कि शहर के एक ही परिवार में चार पीढ़ी के सदस्य टीका लगवाने पहुंचे। झालानी कालोनी निवासी भट्ट परिवार के सबसे बड़े सदस्य 99 वर्षीय रामदयाल भट्ट के साथ उनके पुत्र 72 वर्षीय मोहनलाल भट्ट, पोते 48 वर्षीय सुनील भट्ट, पड़पोते 20 वर्षीय आयुष भटट, पड़पोती 23 वर्षीय ऋषिता भट्ट ने वैक्सीन लगवाई।

इस पहल में हितग्राही आनलाइन फार्म भरकर भेज सकते हैं, जिससे असुविधा से बचा जा सके। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि अब शहर में चार केंद्रों पर इस पहल में टीके लगेंगे। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर, काटजू नगर, रंगोली परिसर, गीता मंदिर रोड, एवं राजपूत बोर्डिंग, शास्त्री नगर व बोहरा बाखल कम्युनिटी हाल चांदनी चौक के पास शामिल है। 45 वर्ष से अधिक वर्ग के लिए यह केंद्र-सोमवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को शहर में पुराना कलेक्ट्रेट परिसर गुलाब चक्कर के पास व कम्युनिटी हाल अलकापुरी पर टीके लगाए जाएंगे।

**जिले में 29 केंद्र :** जिले में सोमवार को शासकीय कालेज आलोट, आंबेडकर भवन नगर परिषद आलोट, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ताल, मांगलिक भवन खारवाकलां, बालक छात्रावास क्रमांक दो रावटी, मांगलिक भवन बाजना, कमला नेहरू स्कूल जावरा, महात्मा गांधी स्कूल जावरा, ग्राम पंचायत बड़िया गोयल, नगर पंचायत बड़ावदा, ग्राम पंचायत रिंगनोद, पंचायत भवन ढोढर, डाइट कालेज पिपलौदा, कन्या मिडिल स्कूल सुखेड़ा, बालक प्राथमिक विद्यालय कालूखेड़ा, पंचायत भवन माताजी बड़ायला, रतलाम ग्रामीण के ग्राम बड़ौदा, बिबड़ौद, भाटी बड़ोदिया, सेजावता, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नामली, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिलपांक, शासकीय बालक स्कूल सैलाना, पंचायत भवन सरवन, आडवानिया, बासिंद्रा, पंचायत भवन शिवगढ़ और ग्राम करिया में टीकाकरण किया जाएगा।

आनलाइन प्री स्लाट बुकिंग के आधार पर शहर में माहेश्वरी भवन कसेरा बाजार, आइएमए हाल राजेंद्र नगर रतलाम, सूरज हाल वेद व्यास कालोनी, गुरुनानक सिंधु भवन विरियाखेड़ी रोड, रोटरी क्लब अजंता टॉकीज रोड, काश्यप सभागृह सागोद रोड, प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पंप के पास, वंजू मंत्रम भवन एमपीईबी कालोनी औद्योगिक क्षेत्र, अग्रवाल विद्या मंदिर जवाहर नगर, लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे टीके लगाए जाएंगे।

## ब्लैक फंगस का पहला मरीज स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज

रतलाम। मेडिकल कालेज में तीस मई से ब्लैक फंगस का उपचार ले रही तीस वर्षीय महिला को स्वस्थ होने पर रविवार को डिस्चार्ज किया गया। महिला में ब्लैक फंगस के लक्षण पाए जाने की पुष्टि होने पर पास्कोनजोल टैबलेट लगा दी गई। वर्तमान में दो मरीजों का उपचार चल रहा है। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज में ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार की सुविधाएं है। पहला मरीज स्वस्थ होकर घर गया। डिस्चार्ज करते समय मरीज का सम्मान किया गया।

नईदुनिया 7/6/21

नईदुनिया
7/6/21


ठेके के कर्मचारी बिगाड़ रहे स्वच्छता व्यवस्था

# गंदगी पर नहीं किसी की नजर: रेलवे स्टेशन से लेकर अस्पताल तक कचरा नहीं उठ रहा

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

**रतलाम @ पत्रिका.** शहर में एक तरफ नगर निगम स्वच्छता अभियान को चला रही है व जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे है उन पर दंडात्मक कार्रवाई कर रही है दूसरी तरफ जहां पर ठेके पर स्वच्छता अभियान को दियां गया है, वहां पर ठेकेदार के कर्मचारी व्यवस्था को बिगाड़कर कचरा ही नहीं उठा रहे है। शहर में रेलवे स्टेशन से लेकर जिला अस्पताल तक ठेके पर कचरा उठाने की जवाबदेही निजी हाथ में है, लेकिन बिगड़ी व्यवस्था को कोई देख नहीं रहा है।

## स्टेशन पर तीन दिन से पड़ा कचरा



रेलवे स्टेशन पर करीब 4 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष का ठेका है। यहां पर मैकेनिकल विभाग स्वच्छता के कार्य को देखता है। प्लेटफॉर्म पर चारों तरफ गंदगी बिखरी पड़ी हुई है। यहां तक की तीन से चार दिन में भी कचरा नहीं उठ रहा है। पूर्व में जब यह कार्य वाणिज्य विभाग के पास था तब वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण करते थे व गंदगी पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाती थी। जब से मैकेनिकल विभाग के पास काम हाथ में आया है, निजीकरण के बाद सफाई की ट्रेन पटरी से उतर गई है।

## जिला अस्पताल में भी गड़बड़ी



जिला अस्पताल में भी स्वच्छता का कार्य निजी कंपनी को दिया हुआ है। यहां पर पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर ही गंदगी का ढेर लगा हुआ है। हत्या, आत्महत्या या अन्य कारण से जब शव का पोस्टमार्टम होता है तब यहां पर शहर से लेकर गांव तक के परिवार के सदस्य आते है। तब इस प्रकार की गंदगी को देखकर उनको नाक पर हाथ रखने को मजबूर होना पड़ता है। अयहां पर निजी हाथ में सफाई का काम तो है, लेकिन गड़बड़ करने पर आर्थिक दंड का प्रावधान भी नहीं है।

7/6/21

### दंड लगाया जाएगा

समय समय पर स्टेशन पर अधिकारी निरीक्षण करते है व ट्वीट पर भी शिकायत मिलती है। गंदगी है तो ठेकेदार पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा।- **जैके जयंत, जनसंपर्क अधिकारी, रेल मंडल**

### सख्त निर्देश जारी किए

पत्रिका

गंदगी के बारे में सूचना मिली है। तुरंत सफाई की जाए व फिर से इस प्रकार की लापरवाही नहीं हो इस बारे में सख्त निर्देश जारी किए गए है। - **पी ननावरे, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी**

पत्रिका!
7/6/21